नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट का स्वागत करते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट का स्वागत किया

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प की महानगर संयोजिका मधु जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महानगर भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष सीताराम भट्ट से शिष्टाचार भेंट की और उनको पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। मधु जैन ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री भट्ट के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी और मजबूत होगी और उत्तराखंड में एक नया आयाम स्थापित करेगी। कहा कि आने वाले दिनों में संगठन और सरकार के बीच आपके द्वारा अभिभावक के रूप में कार्य किया जायेगा संगठन में विभिन्न पदों पर रहने का अनुभव महानगर भाजपा को मिलेगा।

### इंटर स्टेट जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य की जूनियर रेड क्रॉस टीम ने 17 से 23 दिसंबर तक कुरुक्षेत्र हरियाणा में आयोजित इंटर स्टेट जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन किया है। जिसके तहत टीम को ओवरऑल ट्रॉफी प्रदान की गई। राजकीय इंटर कॉलेज छरबा में तैनात जिला समन्वयक जूनियर रेड क्रॉस जितेंद्र सिंह बुटोइया ने टीम का प्रतिनिधित्व किया। सोलो सॉन्ग में सहवाग, सोलो डांस में सलोनी सकलानी, पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रियता, एक्सटेंपोर स्पीच में रमन कुमार दूसरे स्थान पर रहे।

### पुलिस ने दो नशा तस्कर दबोचे, जेल भेजा

**संवाददाता** देहरादून। नेहरू कालोनी और राजपुर थाना पुलिस ने अलग–अलग कार्रवाई कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नशे की खेप लेकर डिलीवरी करने के लिए दून पहुंचे थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने हेरोइन और स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। युवक के पास से पुलिस ने आठ ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

### बॉडीकेयर के नए एंटी. बैक्टीरियल थर्मल के साथ रहें गर्म और स्टाइलिश

**संवाददाता** देहरादून। तापमान में गिरावट के साथ ही मौसम सर्द हो जाता है और तब थर्मल वियर का एक अच्छे सेट का होना बहुत जरूरी हो जाता है। सर्दी के इस सीजन में प्रमुख थर्मल वियर ब्रांड बॉड़ीकेयर इंटरनेशनल लिमिटेड सर्दियों के लिए जरूरी नए उत्पाद लेकर आ रहा हैं, जिसकी एंटी. बैक्टीरियल तकनीक बदबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया को भी दूर करेगा।

# सामान्य परिवहन प्रणाली के रूप में रोपवे प्रणाली को स्थापित किया जायेगा: कौशिक

**सुविधा**

दून में पर्यटकों को सुविधा प्राप्त होगी

ट्रैफिक जाम से निजात पाने में भी मदद मिलेगी



रोपवे प्रणाली को विकसित करने को लेकर अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर के दौरान नगर विकास मंत्री मदन कौशिक व अधिकारी।

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून में सामान्य परिवहन प्रणाली के रूप में रोपवे प्रणाली स्थापित किया जायेगा। यह बात नगर विकास मंत्री मदन कौशिक ने विधान सभा सभाकक्ष में उत्तराखण्ड रेल परियोजना एवं दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के मध्य रोपवे प्रणाली को विकसित करने हेतु अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए कही।

उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन तथा दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के मध्य देहरादून शहर में स्थापित रोपवे परियोजना हेतु डी.पी.आर. तैयार किये जाने के लिए अनुबन्ध एस.डी.शर्मा, निदेशक, बिजनेश डेवलपमेंट दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन तथा बी.के. मिश्रा, निदेशक परियोजना, उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कारपोंरेशन द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर डी.पी.आर. के प्रथम किस्त के रूप में 43 लाख 30 हजार रू. को चेक दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को प्रदान किया गया। मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि रोपवे प्रणाली सामान्य परिवहन के रूप में स्थापित होने के बाद देहरादून में पर्यटकों को सुविधा प्राप्त होगी तथा ट्रैफिक जाम से निजात पाने में भी मदद मिलेगी।

वर्तमान समय तक भारत में अन्य किसी भी स्थल पर रोपवे प्रणाली को सामान्य जन परिवहन के रूप में प्रयोग नहीं किया जा रहा है। देहरादून, भारत वर्ष का प्रथम शहर होगा जो इस प्रणाली को अपनायेगा। 20 से 25 किलोमीटर के बीच चलने वाली रोपवे परियोजना पर लगभग 2000 से 2200 करोड़ लागत व्यय होगा। इसकी डी.पी.आर. 5 माह में बनकर तैयार होगा। टेण्डर के पश्चात 18 माह से 2 वर्ष के बीच परियोजा तैयार होगी, इसके दो रूट होंगे। पहला एफ. आर.आई. से घण्टाकर होकर रिस्पना, दूसरा आई.एस.बी.टी. से घण्टाघर होकर कण्डोली, मधुबन होटल के पास। एक रोपवे की परिवहन क्षमता लगभग 10 यात्रियों की होगी।

पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के समय बताया गया कि उत्तराखण्ड में मेट्रो परियोजना के तहत सुविधा अनुसार देहरादून, ऋषिकेश और हरिद्वार में अलग–अलग प्रणालियाँ विकसित की जायेगी। देहरादून, ऋषिकेश और हरिद्वार मेट्रोपोलेटियन एरिया में देहरादून में रोपवे प्रणाली, हरिद्वार में पी. आर.टी. पाड टैक्सी प्रणाली और ऋषिकेश से नेपाली फार्म होकर देहरादून–हरिद्वार को जोड़ने एलआरटी लाइट मेट्रो प्रणाली स्थापित होगी।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड मेट्रो परियोजना प्रबन्ध निदेशक जितेन्द्र त्यागी, निदेशक उत्ताराखण्ड रेल परियोजना वी.के. मिश्रा व अरविन्द त्यागी, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन निदेशक बिजनेश डेवलपमेंट एस.डी.शर्मा एवं दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन, उत्तराखण्ड मेट्रो परियोजना के अनेक उच्चाधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने किया रमेश भट्ट के वीडियो गीत का लोकार्पण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में श्री रमेश भट्ट द्वारा गाए उत्तराखंडी वीडियो गीत 'जै जै हो देवभूमि' को रिलीज किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि सिर्फ 6 मिनट में देवभूमि उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं नैसर्गिक प्राकृतिक सौन्दर्य को प्रस्तुत करने का प्रयास श्री रमेश भट्ट ने अपने इस वीडियो गीत में किया है। उनका यह प्रयास उत्तराखण्ड को नई पहचान दिलाने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि इस वीडियो गीत के माध्यम हम समूचे उत्तराखण्ड का सिंहावलोकन कर सकते हैं। यह गीत प्राकृतिक सौन्दर्य एवं सांस्कृतिक विरासत व लोक संस्कृति को भी बढ़ावा देने में सहायक होगा। उनकी भावनायें उत्तराखण्ड से जुड़ी हैं, उनके इस गीत में गीत संगीत अभिनय की व्यापक झलक मिलती है। उन्होंने श्री भट्ट को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताते हुए राज्य के प्रति उनके लगाव एवं समर्पण की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में छिपी प्रतिभाओं को निखारने तथा उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किये जाने के प्रयास किये जाने चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जागर गायिका पद्म श्री बसंती बिष्ट, शिक्षक प्रोफेसर के.डी. सिंह आदि को सम्मानित भी किया गया।

### 6 आईएएस और 16 पीसीएस अधिकारियों के दायित्वों में फेरबल

**संवाददाता** देहरादून। राज्य शासन ने 6 आईएएस और 16 पीसीएस अधिकारियों के दायित्वों में फेरबल किया है। प्रमुख सचिव आनंद वर्द्धन को जलागम और मुख्य परियोजना निदेशक जलागम का दायित्व भी दिया गया है। सचिव डा. भूपिन्दर कौर औलख से जलागम का दायित्व हटाकर ग्रामीण अभियंण का दायित्व सौंपा गया है, उनके पास शेष विभाग यथावत रहेंगे। सचिव डा. रजीत कुमार सिन्हा से सचिव (प्रभारी) पंचायत का दायित्व हटा दिया गया है, शेष विभाग उनके पास यथावत रहेंगे। सचिव आनंद स्वरूप से अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का दायित्व हटा दिया गया है, शेष विभाग यथावत रहेंगे। आईएएस अनुराधा पाल डिप्टी कलेक्टर टिहरी का इसी पद पर देहरादून स्थानांतरण किया गया है।

# तीर्थ पुरोहित प्रदर्शन छोड़कर संवाद के लिए आगे आये

**आह्वान**

■देवस्थानम एक्ट लागू होने से चार धामा और अन्य पौराणिक मंदिर विकसित होंगे



पत्रकार वार्ता में चारधाम विकास परिषद के उपाध्यक्ष शिव प्रसाद ममगाईं।

> संवाद के लिए सदैव चार धाम विकास परिषद के द्वार खुले हैं और सकारात्मक संवाद के लिए तीर्थ पुरोहितों, पुजारियों, हक–हकूकधारियों का आह्वान करता हूं।
>
> **– शिव प्रसाद ममगाईं**

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड चारधाम विकास परिषद के उपाध्यक्ष आचार्य शिव प्रसाद ममगाईं ने कहा कि देवस्थानम एक्ट लागू करने से तीर्थ पुरोहितों के हक–हकूकों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस एक्ट को लाने का मुख्य उद्देश्य चार धामों और अन्य पौराणिक मंदिरों को विकसित करना और तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं देना है। उन्होंने कहा कि तीर्थ पुरोहित विरोध प्रदर्शन का रास्ता छोड़कर संवाद के लिए आगे आयें।

दून में अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए ममगाईं ने कहा कि राज्य में चारों धामों और पौराणिक मंदिरों के संरक्षण व विकास के लिए देवस्थानम एक्ट तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री जी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस एक्ट के प्रभावी होने से चारों धामों और मंदिरों के पुरोहितों व सेवादारों के हक–हकूकों पर किसी भी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा श्राइन बोर्ड गठन किए जाने के विरोध में चार धाम विकास परिषद के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा मुख्यमंत्री को सौंपा गया था। मुख्यमंत्री द्वारा इस आश्वासन के साथ मेरा इस्तीफा नामंजूर किया गया कि चारों धामों तथा राज्य के अन्य पौराणिक मंदिरों के हक–हकूकधारियों के हक पूर्ववत सुरक्षित रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं यह स्पष्ट रूप से बताना चाहूंगा कि राज्य सरकार और मुख्य रूप से मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा सभी तीर्थ पुरोहितों एवं हक–हकूकधारियों का आह्वान किया गया है कि वे विरोध प्रदर्शन का रास्ता छोड़कर संवाद के लिए आगे आयें। संवाद का रास्ता हमेशा खुला है। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी सक्रिय भूमिका निभाऊंगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

### जागरुक रहना जरूरी

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय उपभोक्ता समिति की ओर से राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी आयोजित की गई।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।